## वित्तीय व्यय की समीक्षा आख्या –बस्तीमण्डल
## भ्रमण तिथि– 08 से 11 जनवरी, 2025

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार (कार्यालय पत्र संख्या – एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/एम0एण्ड0ई0/2024–25/04/6289–2 दिनांक 23.12.2024 के सन्दर्भ में राज्य स्तरीय टीम के द्वारा वित्तीय व्यय की समीक्षा हेतु दिनांक 08 से 11 जनवरी, 2025 तक बस्ती मण्डल का भ्रमण कर स्थलीय पर्यवेक्षण किया गया।

**राज्य स्तरीय टीम के सदस्य –**

- श्री एस0वी0पी0 पंकज, उपमहाप्रबन्धक, एम0 एण्ड ई0, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0।
- श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव, कार्यक्रम समन्वयक, एन0यू0एच0एम0, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0।
- श्री परीक्षित चौधरी, आडिट आफिसर, वित्त अनुभाग, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0।

**दल द्वारा पर्यवेक्षण के दौरान की गयी गतिविधियां–**

- दिनांक 08.01.2025 को मण्डलीय अपर निदेशक–बस्ती मण्डल, मुख्य चिकित्साधिकारी, जनपदीय नोडल अधिकारियों के साथ वित्तीय व्यय की समीक्षा बैठक की गयी।
- दिनांक 09.01.2025 को जनपद–सिद्धार्थनगर के मुख्य चिकित्साधिकारी, जनपदीय नोडल अधिकारियों के साथ वित्तीय व्यय की समीक्षा बैठक की गयी तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बर्डपुर एवं आयुष्मान आरोग्य मन्दिर, मधुबेनिया का स्थलीय भ्रमण किया गया।
- दिनांक 10.01.2025 को जनपद–संतकबीरनगर के मुख्य चिकित्साधिकारी, जनपदीय नोडल अधिकारियों के साथ वित्तीय व्यय की समीक्षा बैठक की गयी तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बेलहरकला एवं आयुष्मान आरोग्य मन्दिर, बभनी का स्थलीय भ्रमण किया गया।

दिनांक 08.01.2025 से 11.01.2025 के मध्य राज्य स्तरीय गठित टीम द्वारा बस्ती मण्डल का भ्रमण किया गया जिसमें आवंटित बजट के सापेक्ष किये गये व्यय की प्रगति की समीक्षा बस्ती मण्डल स्तर पर की गयी। जिसमें अपर मण्डलीय निदेशक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्साधिकारी, जनपद स्तरीय ए0सी0एम0ओ0, डी0ए0एम0, डी0पी0एम0 आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया है।

**राज्य स्तर से लिमिट जीरो कर दिए जाने के कारण बस्ती मंडल के समस्त जनपदो द्वारा किसी भी प्रकार का व्यय नहीं किया जा सका।**

समीक्षा के उपरान्त नोडल अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि बस्ती मण्डल के अन्तर्गत लिमिट/बजट उपलब्ध होने के उपरांत समस्त जनपद को आवंटित/कमिटेड बजट धनराशि के सापेक्ष वित्तीय नियमानुसार 03 कार्य दिवसों में व्यय की समीक्षा करते हुये लम्बित भुगतान का बजट उपलब्धता के आधार पर शत प्रतिशत व्यय कर एफ0ए0एम0एस0 पोर्टल पर अपडेट कराना सुनिश्चित करें।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बर्डपुर, सिद्धार्थनगर**

| क्र | अवलोकन बिन्दु | सुझाव/कार्यवाही जो की जानी है। | जिम्मेदार व्यक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | इंजेक्शन कक्ष मेंहबकटर नही था एवं औषधियों एव इजेक्शन को अव्यवस्थित रुप में रखा हुआ था। | सभी स्टाफ का अभिमुखीकरण कराते हुये निराकरण किया जाना सुनिश्चित किया जाय। | अधीक्षक/बी0पी0एम0 |
| 2 | बायो मेडिकल से सम्बन्धित समस्त वेस्ट को एक ही डब्बे में एकत्रित किया जा रहा था। | | |
| 3 | इकाई स्तर पर बायो मेडिकल बेस्ट का निस्तारण सम्बन्धी प्रोटोकॉल को | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | फालो नही किया जा रहा था। | | |
| 4 | इकाई पर किये जाने वाले समस्त लैब टेस्ट की सूची प्रदर्शित नही थी। | आई0पी0एच0एस0 मानक के अनुसार लैब टेस्ट की सूची प्रदर्शित करायी जाय। | अधीक्षक / बी0पी0एम0 / एल0टी0 |
| 5 | लैब में उपयोग की जानी वाली समस्त सिरिंज को बिना हबकटर से क्श किये हुये अन्य कचरे के साथ सीधे डस्ट बिन में डाला जा रहा था। | सभी स्टाफ कोनियमों के पालन हेतु निर्देशित किया जाय। | अधीक्षक / बी0पी0एम0 / एल0टी0 |
| 6 | प्रसव कक्ष के सामने शूजरैक एवं शू कवर / चप्पल उपलब्ध नही थी एवं स्टाफ के द्वारा कक्ष में बिना किसी प्रोटोकॉल को फालो किये आया जाया जा रहा था। | मानकानुसार प्रोटोकॉल को फालो किया जाय। | चिकित्सक / लेबर रुम इन्चार्ज / स्टाफनर्स |
| 7 | औषधियों एवं इजेंक्शन को मिक्स एवं अव्यवस्थित रुप में रखा गया था। | सभी स्टाफ को नियमों के पालन हेतु निर्देशित किया जाय। | अधीक्षक / बी0पी0एम0 / फार्मासिस्ट |
| 8 | कैलिस पैड पंचर पडे हुये थे। | स्टोर से प्राप्त कर क्रियाशीलता सुनिश्चित की जाय। | चिकित्सक / लेबर रुम इन्चार्ज / स्टाफनर्स |
| 9 | स्टेलाइजेशन का रिकार्ड पूर्ण नही किये जा रहे थे और आटोक्लेव के अन्दर गन्दगी पडी हुई थी। | मानकानुसार प्रोटोकॉल को फालो किया जाय। | चिकित्सक / लेबर रुम इन्चार्ज / स्टाफनर्स |
| 10 | आक्सीज न सिलेण्डर से सम्बन्धित रिकार्ड पूर्ण नही किये जा रहे थे। | | |

**आयुष्मान आरोग्य मन्दिर, मधुबेनिया, ब्लाकबर्डपुर, सिद्धार्थनगर**

| क्र | अवलोकन बिन्दु | सुझाव / कार्यवाही जो की जानी है। | जिम्मेदार व्यक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | आयुष्मान आरोग्य मन्दिर की साफ सफाई संतोष जनक पायी गयी। | इंगित की गई कमियों के जनपद स्तरीय एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारियों से समन्वय सीापित करते हुये मानकानुसार समयबद्ध निस्तारण हेतु सुझाव दिया गया। | अधीक्षक / बी0पी0एम0 / बी.सी.पी.एम. / सी.एचओ. |
| 2 | पूर्ण ए.एन.सी. जांच इकाई पर नही किया जा रहा है। | | |
| 3 | सी.एच.ओ.को एच.आर.पी. एवं लक्ष्य दम्पत्ति के सम्बन्ध में स्पष्ट जानकारी का अभाव पाया गया। | | |
| 4 | इकाई पर उपलब्ध औषधियों के भौतिक सत्यापन एवं रिकार्ड में भिन्नता पायी गयी। | | |
| 5 | इकाई पर वाटर क्लोरिन, वी.आई.ए. एवं फायलेरिया की जांच नही की जा रही थी। | | |
| 6 | डायग्नोस्टिक टेस्ट ट्रैकर का रजिस्टर उपलब्ध नही था। | | |
| 7 | लैबटेस्ट नही किये जा रहे है और उनके रिकार्ड उपलब्ध नही पाये गये। | | |
| 8 | अलग अलग रिकार्ड में एक ही लाभार्थी का रिकार्ड अलग अलग पाया गया। | | |

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बेलहरकला, संतकबीर नगर**

| क्र | अवलोकन बिन्दु | सुझाव/कार्यवाही जो की जानी है। | जिम्मेदार व्यक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | इकाई को नवीन आंवटित इकाई में सीापित किया गया है। | सभी स्टाफ का अभिमुखीकरण कराते हुये निराकरण किया जाना सुनिश्चित किया जाय। | अधीक्षक/बी0पी0एम0 |
| 2 | सफ सफाई व्यवस्था ठीक नही पायी गयी। | | |
| 5 | बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट के नियमों का पालन नही किया जा रहा है। | | |
| 3 | उपकरण एवं अन्य सामग्री को यथा स्थान एवं मानकानुसार सीापित कर क्रियाशील नही किया गया है। | ज्नपद स्तर से समन्वय सीापित करते हुये आई0पी0एच0एस0 मानक के अनुसार सभी उपकरणों एवं सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुये उन्हें क्रियाशील कराया जाय। | ए0सी0एम0ओ0 आर0सी0एच0/ डी0पी0एम0/अधीक्षक /बी0पी0एम0/ फार्मासिस्ट |
| 4 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के मानकानुसार उपकरण की उपलब्धता एवं स्टाफ का कार्य दक्षता में कमी है। | | |
| 6 | लेबर को सभी उपकरणों की उपलब्धता जनपद स्तर से कराते हुये मानकानुसार क्रियाशीलता सुनिश्चित की जानीहै। | | |

**आयुष्मान आरोग्य मन्दिर,बभनी, ब्लाकबेलहर, संतकबीरनगर**

| क्र | टवलोकन बिन्दु | सुझाव/कार्यवाही जो की जानी है। | जिम्मेदार व्यक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | आयुष्मान आरोग्य मन्दिर की साफ सफाई संतोषजनक पायी गयी। | इंगित की गई कमियों के जनपद स्तरीय एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारियों से समन्वय सीापित करते हुये मानकानुसार समयबद्ध निस्तारण हेतु सुझाव दिया गया। | अधीक्षक/बी0पी0एम0/ बी0सी0पी0एम0/ सी0एच0ओ0 |
| 2 | पूर्ण ए.एन.सी. जांच इकाई पर नही किया जा रहा है। | | |
| 3 | सी.एच.ओ.को एच.आर.पी. एवं लक्ष्य दम्पत्ति के सम्बन्ध में स्पष्ट जानकारी का अभाव पाया गया। | | |
| 4 | इकाई पर प्रसव कराया जा रहा था, परन्तु लेबर टेबल की अनुपलब्धता के कारण एग्जामिनेशन टेबल पर प्रसव कराया जा रहा था। | | |
| 5 | बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट का पालन नही किया जा रहा था। | | |
| 6 | डायग्नोस्टिक टेस्ट ट्रैकर का रजिस्टर उपलब्ध नही था। | | |
| 7 | लैबटेस्ट नही किये जा रहे है और उनके रिकार्ड उपलब्ध नही पाये गये। | | |

जनपद सिद्धार्थनगर, बस्ती तथा संतकबीरनगर के अंतर्गत की गयी समीक्षा बैठक के बिंदु :–

| क्र | अवलोकन बिन्दु | सुझाव / कार्यवाही जो की जानी है | जिम्मेदार व्यक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | जनपद एवं उसकी समस्त इकाइयों द्वारा पी0एफ़0एम्0एस0 पोर्टल से किये गए समस्त भुगतान / अवमुक्त धनराशि तथा लिमिट की प्रविष्टियो एफ0ए0एम0एस0 पोर्टल पर अघतन नहीं की गयी है। | प्रविष्टियो को एफ0ए0एम0एस0 पोर्टल पर अघतन किया जाना है। | जिला लेखा प्रबंधक / ब्लाक लेखा प्रबंधक / एकाउंटेंट |
| 2 | जनपद एवं ब्लाक के द्वारा एफ0ए0एम0एस0 पोर्टल पर कुछ एफ़0एम्0आर0 मदों में आवंटित बजट से ज्यादा का व्यय किया गया। | उक्त किये गए व्यय को सही मद में व्यय किये जाने हेतु निर्देश दिए गए। | जिला लेखा प्रबंधक / ब्लाक लेखा प्रबंधक / एकाउंटेंट |
| 3 | एफ0ए0एम0एस0 पोर्टल पर वित्तीय वर्ष 2024–25 की जनपद की समस्त इकाइयों की प्रविष्टिया दिनाँक 31.12.2024 तक पूर्ण नहीं की गयी है। | एफ0ए0एम0एस0 पोर्टल पर वित्तीय वर्ष 2024–25 की जनपद की समस्त इकाइयों की दिनाँक 31.12.2024 तक की प्रविष्टियो को एक सप्ताह के अन्दर पूर्ण किये जाने हेतु निर्देश दिए गए। | जिला लेखा प्रबंधक / ब्लाक लेखा प्रबंधक / एकाउंटेंट |
| 4 | सभी जनपद एवं उनकी इकाइयों द्वारा कुछ एफ0एम0आर मदों में आवंटित बजट के सापेक्ष कोई भी व्यय नहीं किया गया है। | बजट के उपलब्धता के आधार पर व्यय किया जाना सुनिश्चित करे। | जिला लेखा प्रबंधक / ब्लाक लेखा प्रबंधक / एकाउंटेंट |

अन्य बिंदु

1. लेखा प्रबंधको द्वारा मासिक रूप से कार्यक्रम अधिकारियों को व्यय की सूचना समय से उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए गए।
2. जिन जनपदों में आवश्यक वस्तुओ एवं सेवाओ हेतु निविदा किया जाना शेष हैं उन्हें निर्देशित किया गया कि नियमनुसार निविदा की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करायें।
3. सभी जनपदों के ब्लाक स्तरीय नोडल अधिकारियों को आवश्यकता से अधिक कमिट कराई गयी धनराशि को surrender किये जाने हेतु निर्देश दिए गए।

श्री परीक्षित चौधरी,
आडिट आफिसर,
वित्त अनुभाग

श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव,
कार्यक्रम समन्वयक,
एन0यू0एच0एम0

SVPPankaj
श्री एस0वी0पी0पंकज,
उपमहाप्रबन्धक,
एम0एण्डई0